


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,शनिवार, 12 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


# Air India Plane Crash

12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI171 टेकऑफ के 90 सेकंड बाद क्रैश हो गई। इस दिल दहला देने वाले हादसे में 260 लोगों की जान चली गई। एएआईबी की रिपोर्ट में सामने आया कि टेकऑफ के दौरान दोनों इंजनों के फ्यूल कटऑफ स्विच गलती से बंद




हो गए थे। इस भीषण विमान दुर्घटना को आज एक महीना हो गया, लेकिन पीड़ित परिवारों की आंखे आज भी नम हैं। आइए जानते है कि इस भीषण हादसे में अब तक क्या-क्या हुआ?हो गए थे। इस भीषण विमान दुर्घटना को आज एक महीना हो गया, लेकिन पीड़ित परिवारों की

हो गए थे। इस भीषण विमान दुर्घटना को आज एक महीना हो गया, लेकिन पीड़ित परिवारों की आंखे आज भी नम हैं। आइए जानते है कि इस भीषण हादसे में अब तक क्या-क्या हुआ?एअर इंडिया की लगभग 12 साल पुरानी बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान (रजिस्ट्रेशन VT-ANB) 12 जून को अहमदाबाद से लंदन गेटविक जा रही थी। उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज के रिहायशी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 यात्री और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। हादसे में 260 लोगों की जान चली गई। हादसे में एक मात्र ब्रिटिश नागरिक विश्वाश कुमार रमेश (45 वर्ष) जीवित बचे।हादसे के बाद एअर इंडिया की मूल कंपनी टाटा संस ने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। इसके अलावा, एअर इंडिया ने 25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा भी देना शुरू किया। इसके सात ही एअर इंडिया ने प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों की टीम भेजी है जो पीड़ित परिवारों को मानसिक सहयोग दे रही है।

## शर्मनाक: बारिश, कीचड़युक्त रास्ता, नहीं पहुंची एंबुलेंस



छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पाली विकासखंड के ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बारीउमराव के गांव जलहल में बारिश के दौरान मरीज को खाट पर लिटाकर परिजनों को सात किलोमीटर पैदल चलना पड़ा।कोरबा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत खराब है। मरीजों को न तो समय पर एंबुलेंस मिल रही है और न ही उपचार की सुविधा। कई स्थानों पर परिजनों के फोन करने के बाद भी ग्राम तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है। पाली विकासखंड के ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बारीउमराव के गांव जलहल में मरीज को खाट पर लिटाकर परिजनों को सात किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, गांव जलहल में रहने वाली करसीला एक्का (37) पति रामधन एक्का मौसमी बीमारी की चपेट में आ गई। शरीर बुखार से तप रहा था। उसकी बिगड़ती तबीयत को देखते हुए रामधन एक्का ने एंबुलेंस को कॉल किया। लेकिन एबुंलेंस नहीं पहुंची। इस बीच झमाझम बारिश हो रही थी। परिजन आनन-फानन में बरसते बादल के बीच मरीज को खाट के सहारे ग्राम लीमगांव ले आए। इस दौरान बारिश से मरीज को बचाने के लिए खाट को तिरपाल से ढका और मरीज को छाता भी ओढ़ाया। मरीज को लेकर सड़क विहीन ग्राम से लीमगांव मुख्य मार्ग तक लगभग सात किलोमीटर पैदल चले। लीमगांव मुख्य मार्ग से निजी वाहन की मदद से पाली मुख्यालय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## अहमदाबाद विमान हादसा

वॉल स्ट्रीट जर्नल का दावा- नियंत्रण प्रणाली को गलत संकेत भेजने से गिरा एअर इंडिया विमान 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जो तस्वीर सामने रखी है, वह न केवल तकनीकी विफलता को उजागर करती है बल्कि बोइंग और वैश्विक विमानन नियामकों की लापरवाही और सिस्टम में मौजूद गहरी चुप्पी को भी कठघरे में खड़ा करती है।अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अहमदाबाद विमान हादसे पर अपनी रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा किया है। रिपोर्ट में अहमदाबाद विमान हादसे के लिए बोइंग की सॉफ्टवेयर खामी व संस्थागत विफलता को जिम्मेदार ठहराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक स्वचालित सॉफ्टवेयर ने नियंत्रण प्रणाली को गलत संकेत भेजे जिससे विमान नीचे आने लगा। पायलटों ने विमान को मैनुअल तरीके से ऊपर उठाने की कोशिश की लेकिन वे नाकाम रहे। 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जो तस्वीर सामने रखी है, वह न केवल तकनीकी विफलता को उजागर करती है बल्कि बोइंग और वैश्विक विमानन नियामकों की लापरवाही और सिस्टम में मौजूद



गहरी चुप्पी को भी कठघरे में खड़ा करती है। यह उड़ान अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुई थी। टेकऑफ के तीन मिनट बाद ही विमान शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया। हादसे में 241 यात्री और क्रू समेत कुल 270 लोगों की मौत हो गई, जबकि केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच सका। रिपोर्ट में बताया गया है कि टेकऑफ के तीन मिनट बाद ही विमान

# राधिका हत्याकांड

### फिर तुम्हारी याद आई हमको...', खेल के साथ इस क्षेत्र में भी नाम कमाना चाहती थी टेनिस खिलाड़ी



गुरुग्राम में हुई महिला टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या के मामले में नया अपडेट आया है। जानकारी मिली है कि राधिका अभिनय में भी नाम कमाना चाहती थीं। वो एल्बम के एक गाने में काम कर चुकीं हैं, सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब पसंद किया है।गुरुग्राम में हुई राज्य स्तरीय महिला टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या के मामले में नई जानकारी सामने आई है। राधिका यादव खेल के साथ अभिनय के क्षेत्र में भी नाम कमाना चाहती थी। एल्बम के एक गीत कारवां यूं ही चलता रहा मेरा, दिन भी यूं ढलता रहा मेरा, फिर तुम्हारी याद आई हमको... में उनकी प्रतिभा खूब सराही गई। सोशल मीडिया पर इस गीत को हजारों लोगों ने पसंद किया। राधिका की मौत के बाद इस गीत के कई क्लिप और गानों की लाइन को काटकर रील वायरल की जा रही है।



जानकारी सामने आई है कि खेल के बाद राधिका यादव कला के क्षेत्र में भी नाम कमाने के लिए खूब मेहनत करती थीं। गीत कारवां में उनका अभिनय की काफी तारीफ की गई थी। यह कला क्षेत्र में राधिका की शुरूआत थी। आपको बता दें कि कुछ महीने पहले राधिका के कंधे में चोट आई थी जिसके चलते वह अभ्यास नहीं कर पा रहीं थीं। बताया जा रहा है कि राधिका के पिता ने ही करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत टेनिस कोर्ट बनाया था। राधिका गानों के साथ ही रील बनाने की भी कोशिश करती थीं। इसमें उसकी खेल से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां रहती थीं।राज्य स्तरीय महिला टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव को पीठ में चार गोलियां मारी गईं थीं। वारदात के दौरान उनकी मां पहली मंजिल पर थी। अब उन्हें भी जांच शामिल किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी पिता को एक दिन के रिमांड पर लिया है। शुक्रवार को राधिका यादव के शव का पोस्टमार्टम बोर्ड में शामिल डॉ. दीपक माथुर, डॉ. आशीष त्यागी और डॉ. ललित चोपड़ा ने किया। डॉक्टरों ने राधिका यादव के शरीर से चार गोलियां निकालीं। उधर, मृतका के चाचा कुलदीप की शिकायत पर सेक्टर-56 थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में आरोपी पिता दीपक से पता करेगी कि उसके पास कितनी अधिकृत गोलियां हैं। वारदात के बाद बची गोलियां कहां हैं? बताया जा रहा है कि कुछ गोलियों को कासन गांव में छिपाया गया है।राधिका के चाचा कुलदीप ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ घर पर थे। इसी दौरान उन्होंने गोली की आवाज सुनी तो वह घर की पहली मंजिल पर पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि राधिका रसोई में खून से लथपथ पड़ी थी। जबकि रिवॉल्वर ड्राइंग रूम में पड़ी थी। वह अपने बेटे के साथ मिलकर राधिका को निजी अस्पताल

# Aaj Ka Rashifal 12 July

## सिंह और मकर राशि वालों को कार्यों में मिलेगी सफलता, पढ़ें अन्य राशियों का हाल

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 12 जुलाई 2025 का राशिफल।की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है।



### मेष

आज का दिन थोड़ा धैर्य व साहस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपके मन में किसी काम को लेकर संशय चल रहा है, तो उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़े, इसलिए आपको वाहनों का प्रयोग भी थोड़ा सा ध्यान रखकर करना होगा। किसी पुरानी बीमारी के उभरने की संभावना है। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए इनकम में बढ़ोतरी लेकर आने वाला है। लेकिन आपको अपने बिजनेस में आंख व कान खुले रखकर कामों को करना होगा। पारिवारिक रिश्तों को आप अहमियत दें, नहीं तो दूरी आने की संभावना है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है। आपको किसी नए काम में थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाना होगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, लेकिन संतान से संबंधित आप कोई निर्णय ले सकते हैं।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार में सदस्यों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। छोटे बच्चों के लिए आप कुछ खाने पीने की चीज लेकर आ सकते हैं, लेकिन आपको अपने वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर चलना होगा। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के जरिए काम करेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें। आपको मित्र के लिए भी कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है। किसी बात को लेकर यदि मन परेशान चल रहा था, तो आपकी वह समस्या भी काफी हद तक दूर होती दिख रही है। अपने घर किसी पूजा-पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला यदि कानून में विवादित था, तो वह दूर होगा। किसी नई प्रॉपर्टी की प्राप्ति हो सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी के बहकावे में आकर कोई काम ना करें। धन को लेकर आप योजना बनाकर आप आगे बढ़ें। आपको एक से अधिक स्रोतों से इनकम हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। आप अपने रिश्तो को लेकर आगे की बातचीत कर सकते हैं। किसी काम को लेकर आपको थोड़ा धैर्य बनाए रखना होगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। आपको किसी के साथ पार्टनरशिप में काम करने का मौका मिले, तो आप उसमें किसी एक्सपर्ट की राय लेकर ही आगे बढ़े। आप अपने घर व बाहर के कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको काम को लेकर भाग दौड़ बनी रहेगी। आपको काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकालना होगा। माताजी को आप ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप करने जा सकती हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। सेहत में चल रही समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों की सेवा के लिए आपको कुछ समय निकालना होगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको अपने बॉस द्वारा दी गई जिम्मेदारियां में ढील नहीं देनी है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय में आपको कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा, जिसे आपको पकड़ने की आवश्यकता है और आप परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर बहसबाजी में न पड़े। यदि कानून से संबंधित कोई फैसला आपको समस्या दे रहा है, तो उसमें आपको थोड़ा धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन काम को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है

### धनु

आज का दिन आपके लिए आध्यात्मिक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर थोड़ी लापरवाही कर सकते हैं, जो आपके लिए बाद में समस्या बन सकती हैं। कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रचने की कोशिश करेंगे। आप संतान को संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। आपको अपने जीवनसाथी से भी रिश्ते में मजबूती लाने की कोशिश करनी होगी, इसलिए आप उनकी भावनाओं का सम्मान करें। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सामाजिक कामों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। कारोबार में आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी बड़े निवेश को थोड़ा सोच समझकर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई विवाद छिड़ सकता है। आपने यदि किसी से धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। कामों से एक नई पहचान बनेगी।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपने व्यवहार व वाणी से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी। आपको बड़े बुजुर्गों का पूरा साथ मिलेगा। आप परिवार में लोगों के हित को लेकर फैसला लेंगे। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे थे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने बजट पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपनी जिम्मेदारियां को पूरी तरह निभाने की कोशिश करेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। छोटे बच्चे आपसे आप किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई बड़ा पद मिल सकता है। आपकी संतान किसी प्रतियोगिता में भाग लेगी।


आज के राशिफल दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं।आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# पानी की टंकी पर चढ़कर महिला ने किया आत्महत्या

**शास्त्री नगर में ऊंचा पार्क पानी की टंकी में चढ़कर एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो नीचे गिर गई**









कानपुर के शास्त्री नगर में एक महिला ने पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास किया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। हालांकि, महिला नीचे गिरकर घायल हो गई, जिसे हैलट अस्पताल पहुंचाया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, शास्त्री नगर में ऊंचा पार्क पानी की टंकी में सुबह नैना नाम की महिला चढ़ गई। वहां से कूद कर आत्महत्या की कोशिश की। आसपास के लोगों ने उसे टंकी पर चढ़े देखा, तो समझने की कोशिश की। तभी मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय पार्षद विनोद गुप्ता ने पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस ने भी समझने की कोशिश की, लेकिन तब तक यह टंकी में लटक गई और कुछ मिनट में ही नीचे गिर कर घायल हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नैना पत्नी स्व. शुभम आंबेडकर, विजयनगर की निवासिनी है, जिसके पति की मृत्यु दो महीने पहले हो गई थी। बताया जा रहा है कि उसी कारण से डिप्रेशन में आकर ऊंचा पार्क पानी की टंकी पर चढ़ गई और ऊपर से आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची काकादेव थाने की फॉर्स ने समझने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मानी और ऊपर से कूद गई।पार्षद ने जनता के सहयोग से उस महिला को हैलट के इमरजेंसी वार्ड में एडमिट करवाया है। साथ ही, उसके परिजनों को सूचित किया है। महिला की हालत अब ठीक है और बातचीत कर रही है। पुलिस परिजनों से जानकारी कर रही

# यूपी में मारा गया एक और पति

**सुरेश ने तो बीबी को राशन के दिए थे रुपये...वो उसे मारने के लिए ले आई कट्टा-कारतूस यूपी के अलीगढ़ में एक और पति की हत्या की गई है। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसे मार डाला। आरोपी पत्नी ने पुलिस के सामने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि पति ने राशन के लिए रुपये दिए थे, उन्हीं रुपयों से वो उसे मारने के लिए कट्टा कारतूस ले आई थी।**










अलीगढ़ में पत्नी और प्रेमी की साजिश का शिकार हुए पति सुरेश की मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पत्नी ने पुलिस पूछताछ में कई चौंकाने वाली बातें बताई हैं पति सुरेश की हत्या कराने वाली बीना ने कट्टा और कारतूस उस पैसे से खरीदा था, जो उसके पति ने घर के राशन के लिए दिए थे। एसपी देहात अमृत जैन के अनुसार, पत्नी बीना ने जिस शख्स से कट्टा खरीदा था, उसके बारे में जानकारी मिल गई है। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। जानकारी में यह बात भी सामने आई है कि कट्टा देने वाला शख्स महिला के प्रेमी मनोज कुमार का दोस्त है।

# अरबाज खान ने दिया चौंकाने वाला जवाब

Salman Khan On No-Kiss Policy: हाल ही में सलमान खान ने कहा कि वह पर्दे पर किस नहीं करते हैं। अरबाज खान ने सलमान की इस बात का जवाब दिया है।बॉलीवुड सुपरस्टर सलमान खान कई चीजों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड को कई बलॉकबस्टर फिल्में दी हैं। वह अपनी अच्छी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। सलमान खान के बारे में एक और चीज है, जिसकी अकसर चर्चा होती है। वह है पर्दे पर उनकी नो किस पॉलिसी। खबरों के मुताबिक कई बार सलमान खान ने फिल्मों में किस सीन करने से मना कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में सलमान खान के भाई अरबाज खान ने बताया है कि सलमान खान पर्दे पर किस सीन क्यों नहीं करते हैं।सलमान खान एक बार कपिल शर्मा शो में आए थे। उनके साथ उनके भाई अरबाज खान भी थे। कपिल



शर्मा ने सलमान खान से पर्दे पर किस ना करने के नियम के बारे में पूछा। इस ... किस तो मैं करता नहीं स्क्रीन ... 'सलमान खान की इस ब... ने जवाब दिया। अरबाज ने ... र दिया। अरबाज खान ने ... न इतनी किस कर लेते हैं ... ही नहीं पड़ती है।' अरब... के साथ सलमान खान भ... लोगों का कहना है कि स... ना नियम फिल्म 'जीत' में ... को किस किया था। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि सलमान खान



# Dipika Kakar





Dipika Kakar Health Update: पिछले महीने टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ के स्टेज 2 लिवर कैंसर की सर्जरी की गई थी। अब एक्ट्रेस के पति शोएब इब्राहिम ने दीपिका की हेल्थ को लेकर अपडेट दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। मई महीने में टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ को लीवर में स्टेज 2 के कैंसर होने का पता चला था। इसके बाद जून में एक्ट्रेस के लीवर में मौजूद घातक ट्यूमर को सर्जरी के जरिए काटकर निकाला गया था। अब करीब एक महीने बाद अभिनेत्री के पति शोएब इब्राहिम ने उनकी सेहत को लेकर जानकारी साझा की है। चलिए जानते हैं कि शोएब ने क्या खुलासा किया। अभिनेता शोएब इब्राहिम ने अपने व्लॉग के जरिए दीपिका कक्कड़ की सेहत को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने कहा, 'पहले हमें लगा कि अगर

# पैपराजी कल्चर को लेकर रितेश ने दी प्रतिक्रिया,



**Riteish Deshmukh On Paparazzi: लगातार बढ़ता पैपराजी कल्चर कई बार सेलेब्स के लिए मुसीबत बन जाता है। इसलिए अक्सर सेलेब्स इनको लेकर सवाल भी उठाते रहते हैं। अब रितेश देशमुख ने भी इसको लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।** शेफाली जरीवाला की मौत के बाद एक बार फिर पैपराजी कल्चर सेलेब्स के निशाने पर है। वरुण धवन समेत कई सेलेब्स पैपराजी कल्चर पर उंगली उठा चुके हैं। उनका कहना है कि पैपराजी को भी थोड़ी संवेदनाएं दिखानी चाहिए। अब इस बीच अभिनेता रितेश देशमुख ने पैपराजी कल्चर को लेकर बात की और उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने बच्चों को पैपराजी के सामने आने और उनसे बात करने के बारे में बताया है।हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत के दौरान रितेश ने कहा कि हमें पैपराजी से निपटना सीखना होगा। अभिनेता ने कहा, "हमारे बच्चे खेल खेलते हैं और वे रोजाना वहां जाते हैं। कभी-कभी, जब हम उनके मैच देखते हैं, तो कुछ पैपराजी हमारी तस्वीर खींच लेते हैं, इसलिए हमें इससे निपटना सीखना होगा। आपको बच्चों से बात करनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि वे खुद को हकदार न समझें। मैं अपने बेटों से बस यही कहता हूं कि फोटो खिंचवाना सम्मान की बात है। जब पैपराजी तस्वीरें मांगते हैं, तो आप उन्हें क्लिक करने के लिए धन्यवाद देते हैं और आगे बढ़ जाते हैं।"सेलेब्रिटी पेरेंट्स को अपने बच्चों को मीडिया के सामने किस तरह से लाना चाहिए या क्या करना चाहिए। इस पर बात करते हुए रितेश देशमुख ने कहा कि सेलिब्रिटी माता-पिता को अपने बच्चों को मीडिया के सामने लाने के लिए किस तरह का रवैया अपनाना चाहिए,


# फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेता जूलियन मैकमोहन का हुआ निधन,





Julian McMahon Passed Away: लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अभिनेता को 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म में शानदार भूमिका निभाने के लिए जाना जाता था। लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अभिनेता को 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म में शानदार भूमिका निभाने के लिए जाना जाता था। इस खबर के आते ही मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है।हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन के निधन की पुष्टि उनकी पत्नी कैली मैकमोहन ने डेडलाइन को दिए एक बयान के जरिए की। उन्होंने कहा, 'कैंसर को हराने के लिए एक साहसी लड़ाई के बाद जूलियन का इस सप्ताह निधन हो गया। वह अपने जीवन, अपने काम, अपने प्रशंसकों और सबसे बढ़कर अपने परिवार से बहुत प्यार करते थे। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमें इस दुख की घड़ी में प्राइवेसी प्रदान करें और जूलियन को चाहने वाले सभी लोगों से अनुरोध करें कि वे जीवन में खुश रहें, जैसा कि जूलियन थे।'अभिनेता जूलियन मैकमोहन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री सर विलियम मैकमोहन के पुत्र थे। अभिनेता ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी, फिर इसके बाद वो टीवी की दुनिया में शानदार अभिनय के जरिए लोगों के दिलों में छा गए। साल 2005 में मैकमोहन को 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म ने वैश्विक पहचान दिलाई थी। इसमें अभिनेता ने विक्टर वॉन डूम की भूमिका निभाई, जिन्हें डॉ. डूम के नाम से भी जाना जाता था। जूलियन मैकमोहन की पहली फिल्म 'वेट एंड वाइल्ड समर' थी। इसके बाद उन्होंने 'अदर वर्ल्ड', 'चार्म्ड', 'एफबीआई: मोस्ट वांटेड' और 'फैंटास्टिक फोर', 'एनअदर डे', 'प्रिजनर', 'फायर विथ फायर' जैसी शानदार फिल्में कीं।

# Prabhas





**Prabhas Help: अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले एक्टर प्रभास अब टॉलीवुड इंडस्ट्री के एक मशहूर कॉमेडियन एक्टर की मदद के लिए आगे आए हैं। प्रभास के आगे आने के बाद कॉमेडियन के परिवार ने बाकी कलाकारों से भी अपील की है।** 'बाहुबली' फेम अभिनेता प्रभास ने कुछ ऐसा किया है जिसकी सराहना की जा रही है। प्रभास दिग्गज कॉमेडियन फिश वेंकट के मुश्किल वक्त में उनकी मदद के लिए आगे आए हैं। मौजूदा वक्त में गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कॉमेडियन फिश वेंकट को तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। इसके लिए अब प्रभास आगे आए और उन्होंने कॉमेडियन की वित्तीय सहायता की है। इसकी जानकारी खुद फिश वेंकट की बेटी ने दी है। वन इंडिया के साथ बातचीत के दौरान फिश वेंकट की बेटी श्रावंती ने बताया कि प्रभास की टीम ने उनके पिता की वित्तीय मदद की है। श्रावंती ने अपने पिता के साथ काम करने वाले प्रमुख टॉलीवुड कलाकारों से भी मदद की अपील की है। श्रावंती ने बताया कि उन्हें फिश वेंकट के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए लगभग 50 लाख रुपये की आवश्यकता है और प्रभास ने खर्च उठाने का वादा किया है। अपने पिता की गंभीर स्थिति के बारे में गहरी चिंता जताते हुए श्रावंती ने बताया कि वह आईसीयू में हैं और उन्हें तुरंत ही ट्रांसप्लांट कराना है।फिश वेंकट की बेटी ने बताया कि पापा की तबीयत काफी खराब है। उनकी हालत गंभीर है। वह आईसीयू में हैं और उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है, जिस पर हमें कम से कम 50 लाख रुपये खर्च करने होंगे। प्रभास के असिस्टेंट ने हमसे संपर्क किया और वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने हमें ट्रांसप्लांट होने पर उन्हें जानकारी देने के लिए कहा ताकि वो इसकी फीस दे सकें। प्रभास की मदद से कुछ राहत मिली है, लेकिन बड़ी चुनौती किडनी डोनर ढूंढना है। फिश वेंकट की बेटी ने खुलासा किया कि परिवार में कोई भी व्यक्ति उन्हें किडनी नहीं दे सकता



# Forex Reserve

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़ा, 702.78 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

Forex Reserves: देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 जून को समाप्त हफ्ते के दौरान 4.84 अरब डॉलर बढ़कर 702.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। वहीं स्वर्ण भंडार 1.23 अरब डॉलर घटकर 84.5 अरब डॉलर रह गया। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 27 जून को समाप्त के दौरान 4.84 अरब डॉलर बढ़कर 702.78 अरब डॉलर हो गया। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था।शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 1.23 अरब डॉलर घटकर 84.5 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 158 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.83 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में



भारत की आरक्षित स्थिति भी 17.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.62 अरब डॉलर हो गई।शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 1.23 अरब डॉलर घटकर 84.5 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 158 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.83 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित

# Gold Silver Price

Gold Silver Price: शुक्रवार को बिकवाली के कारण सोना-चांदी सस्ता हो गाया। सोना का भाव 600 रुपये गिरकर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये गिरकर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। सोना का भाव 600 रुपये गिरकर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपये गिरकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर



आ गया। वहीं चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये गिरकर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। इसके पीछे अमेरिकी मैक्रोइकॉनोमिक डेटा अपेक्षा से अधिक मजबूत होने के बाद अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में हुई बढ़ोतरी है। इसके अलावा, वृहद आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद को कम कर दिया। इससे सोने की कीमतों पर भी नकारात्मक असर पड़ा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर मामूली बढ़त के साथ 3,334.45 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल

## ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले SBI का योगदान 1.1%

भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की



एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, "वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया"।वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है।

# ऑफिस में काम करने वालों की भर्तियां

20 फीसदी बढ़ी, दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरों में धीमी बढ़ोतरी एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑफिस में काम करने वाले लोगों की भर्तियां 20 फीसदी बढ़ी हैं, जबकि दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरों में बढ़ोतरी धीमी हो गई है। छोटे शहर रोजगार वृद्धि का प्रमुख इंजन बन रहे हैं। ऑफिस में काम करने वालों (व्हाइट कॉलर) की भर्तियां जून, 2025 में सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़ी हैं। इसमें मुख्य रूप से टियर-2 श्रेणी के शहरों (छोटे शहर) का योगदान रहा है और वे देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं।फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, भर्तियों में 26 फीसदी वृद्धि के साथ कोयंबटूर सबसे आगे रहा। इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 फीसदी की वृद्धि हुई। इसमें



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार

सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से



आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।


बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय




प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS
हर खबर सच के साथ
INDIA
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs. 60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# Hockey Asia Cup



**एशिया कप में हिस्सा लेने से पाकिस्तान हॉकी टीम को नहीं रोकेगा भारत, राजगीर में होना है आयोजन हॉकी एशिया कप का आयोजन** 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के खिलाफ नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय सीरीज अलग बात है। अंतरराष्ट्रीय खेल की मांग होती है कि हम किसी को टूर्नामेंट से बाहर नहीं कर सकते। रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है, लेकिन वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलते हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर सितंबर में पुरुष एशिया कप का आयोजन होता है तो क्या भारत को पाकिस्तान के साथ खेलने की मंजूरी मिलेगी? इस पर खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, बीसीसीआई ने अब तक इस मामले को लेकर संपर्क नहीं किया है। जब वे हमसे इस बारे में पूछेंगे तो हम देखेंगे क्या करना है। ऑपरेशन सिंदूर के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था। हॉकी एशिया कप में भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी।

# भारत को लगा छठा झटका



भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत ने शुभमन गिल के शतक की मदद से 300 रन का स्कोर पार कर लिया था और अब उसकी नजरें मजबूत स्कोर बनाने पर टिकी होंगी।

जोश टंग ने रवींद्र जडेजा को आउट कर इंग्लैंड को छठी सफलता दिलाई। जडेजा और गिल के बीच छठे विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी हुई जिसे टंग ने तोड़ा। जडेजा शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन इससे चूक गए। जडेजा 137 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 89 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का स्कोर पहली पारी में 400 रन के पार पहुंच गया है। भारत के लिए कप्तान गिल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अच्छी साझेदारी निभा रहे हैं। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए अब तक 180+ रनों की साझेदारी कर ली है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 150 रन पूरे कर लिए हैं। गिल ने जडेजा के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी पूरी कर ली है। भारत का स्कोर 375 रन के पार पहुंच गया है।

# Canada Open



विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी। भारत के किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। श्रीकांत ने पुरुष एकल वर्ग में तीनी ताइपे के वांग पो वेई को सीधे गेम में हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी।इस साल मई में मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन से हो सकता है। शुरुआती गेम में श्रीकांत ज्यादातर समय पीछे चल रहे थे और उन्होंने 5-11 के स्कोर से वापसी करते हुए स्कोर 18-18 किया। इसके बाद उन्होंने अगले चार प्वाइंट हासिल किए। दूसरे गेम में वांग ने 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन श्रीकांत ने सात अंक अपने नाम कर स्कोर 8-6 किया और मैच का रुख पलट दिया। चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने फिर वापसी की और स्कोर 13-10 किया, लेकिन श्रीकांत ने भी हार नहीं मानी और नौ प्वाइंट लेकर मैच वांग के हाथों से दूर कर दिया

# भारतीय टीम में तीन बदलाव

शार्दुल-सुदर्शन और बुमराह बाहर, दो स्पिनरों के साथ उतरा भारत भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टॉस हो चुका है।भारत और इंग्लैंड के



बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टॉस हो चुका है और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करेगी। हालांकि, कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी ही करना चाहते थे। गिल ने प्लेइंग-11 में तीन बदलाव की पुष्टि की।गिल ने बताया कि शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन यह मैच नहीं खेल रहे हैं। इनकी जगह नीतीश रेड्डी, आकाश दीप और वॉशिंगटन सुंदर प्लेइंग-11 में आए हैं। गिल ने कहा- बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया है। हमें अच्छा ब्रेक मिला और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मैच है, लेकिन तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में होने के कारण, हमें लगता है कि उस पिच में गेंदबाजों के लिए बहुत कुछ होगा। इसलिए हमने बुमराह को वहां इस्तेमाल करने का सोचा है।कुलदीप पर सुंदर को तरजीह देने को लेकर गिल ने कहा, 'हम कुलदीप को खिलाने के लिए आतुर थे, लेकिन पिछले मैच को देखते हुए कि हमारे निचले क्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, इसलिए बल्लेबाजी में कुछ गहराई जोड़ने का फैसला किया और सुंदर को मौका दिया।' सुदर्शन के नहीं खेलने का मतलब है कि करुण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लीड्स में पिछले टेस्ट में सुदर्शन और करुण दोनों ही कुछ कमाल नहीं कर पाए थे। दोनों पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में सुदर्शन ने 30 और करुण ने 20 रन बनाए थे। वहीं, छठे नंबर पर नीतीश आएंगे। भारतीय टीम के पास इस टेस्ट में गेंदबाजी के छह विकल्प हैं। शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# विश्व चैंपियन गुकेश ने दी नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को मात




पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। वह 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष बढ़त पर आ गए हैं।विश्व शतरंज चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड 2025 के जागरेब चरण में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को काले मोहरों के साथ छठे राउंड में हरा दिया। वह 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष बढ़त पर आ गए हैं।पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था। गुकेश को पहले मुकाबले में पोलैंड के डूडा ने 59 चालों में मात दी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और हमवतन प्रज्ञानंद को मात दी।पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था। गुकेश को पहले मुकाबले में पोलैंड के डूडा ने 59 चालों में मात दी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और हमवतन प्रज्ञानंद को मात दी।पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था।